जन्मोत्सव

**भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर विधायक निधि से निर्माण कार्यों का किया गया लोकार्पण**

# सर्व समाज को दिशा दिखाने का कार्य करता है ब्राह्मण समाज : मलैया



**नवभारत, दमोह।** भगवान परशुराम के प्रकट उत्सव के पावन अवसर पर परशुराम टेकरी,जबलपुर नाका में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दमोह विधायक जयंत मलैया द्वारा विधायक निधि मद से 5 लाख रुपये की लागत से टीन शेड, चबूतरा (चेकर) व कुर्सी निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सर्व ब्राह्मण समाज, दमोह द्वारा विधायक मलैया के समक्ष मंदिर के लिए भव्य गेट निर्माण की मांग रखी गई, जिसे उन्होंने तत्परता दिखाते हुए तत्काल स्वीकार कर 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। समाजजनों ने उनके इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह, शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

**सामुदायिक भवन के लिए सांसद ने दिए 10 लाख रुपये**–इसी क्रम में दमोह के राहुल सिंह लोधी द्वारा गत वर्ष सामुदायिक भवन निर्माण हेतु प्रदान की गई 10 लाख रुपये की राशि के लिए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया। उनके प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित उनके निज सचिव हुक्म सिंह ठाकुर का भी स्मृति चिन्ह, शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

**हिन्दू समाज को एकजुट करने में विप्रजनों की महत्वपूर्ण भूमिका**–इस अवसर पर विधायक जयंत मलैया ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा सर्व समाज को दिशा दिखाने का कार्य करता है। हिन्दू समाज को एकजुट करने में विप्रजनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आगे भी समाज के मार्गदर्शन में उनकी भूमिका अहम बनी रहेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि के रूप में रंजीता गौरव पटैल,प्रीति राजू ठाकुर व जनपद पंचायत के सीईओ पंडित हलधर मिश्रा उपस्थित रहे।

**इनकी रही उपस्थिति**–इस अवसर पर पं. कृष्ण कुमार गर्ग, पं. विधा सागर पांडेय, पं. प्रमोद नायक, पं. मनु मिश्रा, पं. जीपी. यासी, पं. अशोक स्वामी, पं. एसके मिश्रा, पं. अखलेश हजारी, पं. कमलेश भरतद्वाज, पं. आलोक गोस्वामी, पं. अनिल मिश्रा, पं. मनोज देवलिया, पं. अनिल बैरागी, पं. पवन तिवारी, पं. परशूर चौबे, पं. मोनू पाठक, पं. मनीष नगाइच, पं. मुकेश पांडेय, पं. पवन बिधोलिया, पं. संजय गौतम, पं. वैभव तिवारी, पं. जमना चौबे, पं. लवली दुबे आदि उपस्थित रहे।

**श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया परशुराम जन्मोत्सव**–परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर हटा के ग्राम रनेह में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। उनका जन्म वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि, जिसे अक्षय तृतीया के रूप में जाना जाता है, को हुआ था। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

### परशुराम टेकरी पर किया गया पूजन-अर्चन



दमोह शहर के जबलपुर नाका स्थित परशुराम टेकरी पर भगवान परशुराम का अवतरण दिवस के अवसर पर विधी-विधान से पूजन अर्चन और हवन पूजन उपरांत तीन शेड,चेकर्स निर्माण और कुर्सी लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ. साथ ही बृजवासी रेस्टोरेंट अभिषेक राहुल स्वर्गीय सतीश नायक के अलावा और भी विप्र समाज के बंधूओं के द्वारा विशेष योगदान रहा.पुलिस व्यवस्था में एएसआई अभय सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा.

### हर प्राणी की सेवा करना ही ब्राह्मण का धर्म है : तिवारी



**कुम्हारी नवभारत 20 अप्रैल।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर मझगुवा, गाड़ाघाट, सागोनी, कुसमी, ब्राह्मण समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के बाद ग्राम पटेरिया के प्राचीन मढ़ा मंदिर पहुंचकर मंदिर में पूजा अर्चन की गई और शोभायात्रा बिहारी मंदिर पटेरिया में समाप्त हुई। बिहारी मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरज तिवारी रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूरज तिवारी ने कहा कि यदि तुम मानव योनि में पैदा हुए हो तो मानवता का कार्य करो। भगवान ने तुम्हें जैसी शक्ति प्रदान की है, वैसा ही कार्य करना चाहिए। सत्य के मार्ग पर चलकर किसी का अहित नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा करना ही परम धर्म व मानव का कर्तव्य है, क्योंकि उनके आशीर्वाद के बिना सफलता प्राप्त करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हर प्राणी की सेवा करना ही ब्राह्मण का धर्म है। परोपकार, सत्यमार्ग व दूसरों का हित करना ही परम धर्म है, जिस पर सभी को चलना चाहिए। कार्यक्रम में भोलाराम पांडे, मूलचंद पांडे, अजय पांडे, रवि तिवारी, राम पांडे, कृष्ण कुमार पांडे, ऋषि, डॉ. मनु वैरागी, संतोष पांडे, नितिन तिवारी, विजय तिवारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए भगवान परशुराम के चरित्र का वर्णन किया।



## बटियागढ़ में निकली शोभायात्रा

बटियागढ़ में अक्षय तृतीया के अवसर पर सोमवार को भगवान परशुराम की प्राकट्य दिवस मनाया गया.इस दौरान विप्र बंधुओं ने शिव मंदिर में पहुंच कर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना और हवन किया. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान विष्णु ने अपने छठे अवतार के रूप में ऋषि जमदग्नि के घर परशुराम के रूप में जन्म लिया था. उन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध शस्त्र उठाकर पृथ्वी से 21 बार क्षत्रियों का संहार किया था.

**परशुराम का जीवन संघर्ष करने की प्रेरणा देता है : कटारे**–जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे ने इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम का जीवन अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करने की प्रेरणा देता है. प्राकट्य दिवस के अवसर पर सभी विप्रवर के सहयोग से शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा श्री राम जानकी मंदिर से गाजे बाजे व भजन कीर्तन मंडली और डीजे के साथ रथ पर सवार परशुराम स्वारुप विप्रवर बाजार होते हुए अंबेडकर तिराहे, स्टेट बैंक, सरिया तिराहे होते हुए माता विंध्यवासिनी मंदिर से वापिस राम-जानकी मंदिर पर समापन हुआ.

### बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में किया जागरूक



**नवभारत, बटियागढ़ 20 अप्रैल।** क्षय तृतीया के अवसर पर जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह ने पहल करते हुए विभिन्न टीमों का गठन किया, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व पैरा लीगल वालंटियर सम्मिलित रहे. इन टीमों को जिले के मंदिरों और सार्व जनिक स्थलों पर तैनात किया गया,जहां इस दिन बड़ी संख्या में विवाह आयोजित होते हैं. बटियागढ़ तहसील अंतर्गत मां कलेही मंदिर, मगरोन अजब धाम फतेहपुर, मां हरसिद्धि मंदिर बटियागढ़, वाकायन हनुमान मंदिर में टीमें तैनात रही. अभियान के दौरान टीमों में शामिल पीएलवी रूपेन्द्र सिंह ने लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया.

**कानूनी प्रावधानों की दी जानकारी**–बाल विवाह कराने पर लागू कानूनी प्रावधानों और दंड की जानकारी भी दी गई. अधिकारियों ने बताया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है,बल्कि इससे बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है .मां कलेही माता मंदिर मगरोन में पीएलवी रूपेन्द्र सिंह सुपरवाइजर निशा ठाकुर, जानकी सोनी, कुंती विश्वकर्मा, पूजा दुवे, लक्ष्मी लखेरा ने लोगो से संवाद किया।

## अधीक्षण अभियंता ने की समाधान योजना की समीक्षा

**दमोह।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड-दमोह वृत्त अंतर्गत कार्यपालन अभियंताओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उत्तर व दक्षिण संभाग-दमोह अंतर्गत म.प्र. शासन की समाधान योजना की संभागवार समीक्षा की गई। निर्धारित लक्ष्य अनुसार समाधान योजना की प्रगति परिलक्षित नहीं होने पर चिंता व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि वे दोनों संभागों के कुल 22 नं. वितरण केन्द्रों में समाधान योजना अंतर्गत प्रतिदिन दो-दो शिविर आवश्यक रूप से आयोजित कर, बकाया राशि वसूली हेतु कारगर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## जनगणना प्रक्रिया से मिलेगा सटीक डेटा : पटेल

**राज्यमंत्री ने स्व-गणना फॉर्म भरने की अपील की**

**नवभारत,दमोह 20 अप्रैल।** प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा कि प्रदेश में जनगणना की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसके अंतर्गत उन्होंने स्वयं आज स्व-गणना फॉर्म भरकर इसकी शुरुआत की। उन्होंने बताया कि यह फॉर्म बेहद सरल और सहज है, जिसमें लगभग 34 प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं।

राज्यमंत्री पटेल ने कहा फॉर्म में घर की स्थिति, कमरों की संख्या, कच्चा या पक्का मकान, उपलब्ध सुविधाएं और शौचालय जैसी सामान्य जानकारियां पूछी जाती हैं, जिन्हें आसानी से भरा जा सकता है। उन्होंने इसे डिजिटलाइजेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम बताया। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना फॉर्म भरे जा रहे हैं, जबकि 1 मई से प्रगणक द्वारा जानकारी एकत्र की जाएगी।

**पूरी प्रक्रिया डिजिटल है**–नागरिक समय पर स्वयं फॉर्म भर लेते हैं, तो आगे की प्रक्रिया और भी सरल हो जाएगी। राज्यमंत्री पटेल ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को एक आईडी मिलेगी। इस आईडी के माध्यम से उसकी सभी जानकारी सुरक्षित रूप से दर्ज रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर आसानी से उपलब्ध होगी।उन्होंने कहा कि जन गणना के बिना देश और प्रदेश की योजनाओं का सही निर्माण संभव नहीं है।



# फर्जी सिम के बड़े गिरोह का हुआ पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**ऑपरेशन एफएसीई के तहत हटा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, लोगों के दस्तावेज का किया दुरुपयोग**



**नवभारत, हटा 20 अप्रैल।** जिले के हटा थाना क्षेत्र में कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अवैध रूप से सिम कार्ड एक्टिवेट कर बेचने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है. पुलिस ने मामले में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने सैकड़ों लोगों के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी सिम जारी किए थे.

यह पूरी कार्रवाई पुलिस मुख्यालय और राज्य साइबर सेल भोपाल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन एफएसीई के तहत की गई है.इस अभियान का मुख्य उद्देश्य फर्जी सिम प्रदाताओं और पहचान छुपाकर सिम बेचने वालों पर नकेल कसना है. पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया.

**जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा**–राज्य और जिला साइबर सेल द्वारा उपलब्ध कराई गई डायरेक्टरी के विश्लेषण से पता चला कि वर्ष 2019 से 2021 के बीच कुल 1204 फर्जी सिम कार्ड सक्रिय किए गए थे. जब टेलीकॉम कंपनियों से प्राप्त सीएएफ (कस्टमर एप्लीकेशन फॉर्म) की सूक्ष्म जांच की गई, तो धोखाधड़ी की परतें खुलने लगीं. कस्बा हटा निवासी प्रवीनराज दुबे और अखिलेश चौरसिया के बयानों ने मामले को स्पष्ट कर दिया. जांच में पाया गया कि आरोपियों ने इन गवाहों के आधार कार्ड का दुरुपयोग किया था.

**गिरफ्तार आरोपी और कार्यप्रणाली**– पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी भरत उर्फ मोंटी तंतवाय और रजनीश अहिरवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ग्राहकों के वास्तविक आधार कार्ड प्राप्त करते थे उन दस्तावेजों पर डिजिटल तरीके से अपनी फोटो लगाकर फर्जी पहचान पत्र तैयार करते थे. वेरिफिकेशन के लिए अलग-अलग मोबाइल नंबरों का उपयोग कर सिम एक्टिवेट करते थे और उन्हें आर्थिक लाभ के लिए बाजार में बेच देते थे.

**पुलिस ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की**–पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने पहचान संबंधी दस्तावेज (जैसे आधार कार्ड) किसी भी अनजान व्यक्ति को न दें और सिम कार्ड केवल अधिकृत केंद्रों से ही खरीदें.

### आकांक्षा ठाकुर ने हासिल की एमबीबीएस की डिग्री



**नवभारत,दमोह।** डॉ. आकांक्षा ठाकुर ने कठिन परिश्रम और समर्पण से एमबीबीएस की डिग्री मेडिकल कॉलेज ग्वालियर से प्राप्त कर न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे आदिवासी समाज का नाम गौरवान्वित किया है। डॉ. आकांक्षा ठाकुर की इस उपलब्धि पर सभी परिवारजन व समाज अत्यंत गर्व अनुभव करते हैं। पिता अनंदी लाल ठाकुर व माता अनीता ठाकुर, नाना नारायण सिंह ठाकुर, पूर्व अपर कलेक्टर सहित समाज बंधुओं ने शुभकामनाएं व बधाई दी है।

## सोमेश ने 10वीं की परीक्षा में प्राप्त किए 94 .4 प्रतिशत अंक



**नवभारत, दमोह.** जिले के बांदकपुर से एक गौरवपूर्ण खबर सामने आई है. यहां के निवासी सोमेश चौबे, जो पुष्पेंद्र चौबे के सुपुत्र हैं, ने अपनी मेहनत और लगन से शानदार सफलता हासिल की है. सोमेश ने सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में कक्षा 10वीं की परीक्षा में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है.

## प्रीतेश साहू ने किया नाम रोशन



**नवभारत, हटा।** कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रीतेश साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 में से 473 अंक (94.6 प्रतिशत) प्राप्त किए हैं। उन्होंने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल कर विद्यालय एवं परिवार व नाम गौरवान्वित किया है। प्रीतेश की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। वे हटा निवासी समाजसेवी पन्नालाल साहू के नाती एवं दीपक साहू व नीता साहू के पुत्र हैं। साहू समाज सहित क्षेत्रवासियों ने प्रीतेश को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।
































